वर्ष 28 अंक 169
पृष्ठ 22
बरेली, बुधवार
1 मार्च 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

जीबीएस पीड़ित बच्चे की सुनवाई आज

बरेली : श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में भर्ती 12 वर्षीय निशांत गंगवार के मामले में बुधवार को सिविल जज शक्ति सिंह के न्यायालय में सुनवाई होगी। बच्चे के इलाज एवं उसके गायब माता-पिता को लेकर फैसला आ सकता है। गिलन बैरी सिंड्रोम (जीबीएस) रोग से पीड़ित बच्चे को आठ माह पहले भर्ती कराया गया था। शहर के इज्जतनगर क्षेत्र में रहने वाले माता-पिता बच्चे को भर्ती कराने के बाद गायब हो गए। बच्चे की हालत गंभीर है। जिसके चलते उसका ऑपरेशन होना जरूरी है लेकिन बिना परिजनों की अनुमति के इलाज नही हो सकता। इसलिए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने डीएम से मुलाकात कर मदद मांगी थी। इसके बाद न्यायालय में याचिका दायर की। बच्चा हिल-डुल नही पा रहा है। उसकी निगाह हमेशा मां-बाप को तलाश रही हैं लेकिन वह नहीं आए।